आर. एन. आई. नं. UPHIN/2010/32566 डाक. पंजीयन. संख्या– SSP/LW/NP-311


# अद्भुत समाचार

निष्पक्ष एवं निर्भीक हिन्दी साप्ताहिक
हर ख़बर पर पैनी नज़र

वर्ष : 11 अंक : 10 लखनऊ, रविवार 14 जून से 20 जून, 2020 तक पृष्ठ–8 मूल्य : एक रूपया

## देश भर में कोरोना वायरस का संक्रमण तेजी से पसार रहा पांव

नई दिल्ली। देश भर में कोरोना वायरस का संक्रमण तेजी से फैल रहा है। वैसे तो यह अब पूरे देश में पहुंच गया है पर चार राज्यों– महाराष्ट्र, तमिलनाडु, दिल्ली और गुजरात में यह सबसे तेजी से फैल रहा है। शनिवार को भी इन राज्यों में संक्रमण तेजी से फैला। देर शाम तक दिल्ली के छोड़ कर बाकी तीन राज्यों का आंकड़ा आ गया था। सिर्फ इन तीन राज्यों में शनिवार की शाम तक ५६ सौ से ज्यादा मामले आए थे। इन चार राज्यों के अलावा पश्चिम बंगाल, कर्नाटक, ओड़िशा, आंध्र प्रदेश आदि राज्यों में भी तेजी से संक्रमण फैल रहा है। बहरहाल, शनिवार की देर शाम तक देश भर में ७,६४२ नए मामले आए, जिसके बाद देश में संक्रमितों की कुल संख्या तीन लाख १७ हजार २३७ हो गई। देश में सबसे ज्यादा प्रभावित महाराष्ट्र में शनिवार को संक्रमितों की संख्या में रिकार्ड बढ़ोतरी हुई। शाम तक राज्य में ३,४२७ मामले आए, जिसके बाद संक्रमितों की संख्या एक लाख लाख चार हजार ५६८ हो गई। महाराष्ट्र के बाद कोरोना वायरस के नए इपीसेंटर के तौर पर उभरे तमिलनाडु में शनिवार को भी रिकार्ड संख्या नए मामले आए। राज्य में १,६८६ संक्रमित मिले, जिसके बाद कुल संख्या ४२,६८७ हो गई। गुजरात



में शनिवार को ५१७ मामले आए, जिसके बाद संक्रमितों की संख्या २३,०७६ पहुंच गई। उत्तर प्रदेश में ४७८ नए मामले आए, जिसके बाद संक्रमितों की संख्या १२,०८८ पहुंच गई। पश्चिम बंगाल में शनिवार को ४४० नए मामले आए, जिसके बाद संक्रमितों की कुल संख्या बढ़ कर ६,७६८ हो गई। राजस्थान में ११८ मामले आए, जिसके बाद संक्रमितों की संख्या बढ़ कर १२,१८६ हो गई। बिहार में ८७ नए मामले आए, जिसके बाद संक्रमितों का आंकड़ा ६,१८३ हो गया। हरियाणा में शनिवार को १२६ नए मामले आए, जिसके बाद संक्रमितों की संख्या ६,४६३ हो गई। कर्नाटक में शनिवार को ३०८ नए मामले आए, जिसके बाद संक्रमितों की संख्या ६,८२४ हो गई। आंध्र प्रदेश में शनिवार को २२२ मामले आए, जिसके बाद संक्रमितों की संख्या बढ़ कर ५,८५८ हो गई। ओड़िशा में २२५ नए मामले आए, जिसके बाद संक्रमितों की संख्या ३,७२३ हो गई। केरल में ८५ नए मामले आए, जिसके बाद संक्रमितों की संख्या २,४०८ हो गई। त्रिपुरा में ३७ मामले आए, जिसके बाद राज्य में संक्रमितों की संख्या एक हजार पहुंच गई। इसके अलावा पंजाब में ७७, असम में २५, उत्तराखंड में ३५, लद्दाख में १६८ और पुड्डुचेरी में १३ नए मामले सामने आए। ये आंकड़े कोविड१६इंडिया डॉट ओआरजी की वेबसाइट पर आधारित है। भारत के स्वास्थ्य व परिवार कल्याण मंत्रालय की वेबसाइट के मुताबिक शनिवार की देर शाम तक कुल तीन लाख आठ हजार ८६२ मामले थे। इनमें से ८,८८४ लोगों की मौत हुई है, जबकि एक लाख ५४ हजार ३२६ लोग इलाज से ठीक हुए हैं और एक लाख ४५ हजार ७७६ लोग अस्पताल में भरती हैं।

## राज्यों के मुख्यमंत्रियों के साथ मोदी ने की समीक्षा बैठक

नई दिल्ली। राज्यों के मुख्यमंत्रियों के साथ होने वाली वीडियो कांफ्रेंसिंग से पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को वरिष्ठ मंत्रियों और अधिकारियों के साथ एक समीक्षा बैठक की। इसमें कोरोना वायरस के तेजी से बढ़ रहे संक्रमण और उससे पैदा होने वाला हालात का जायजा लिया गया। कोरोना के संक्रमण से निपटने के लिए उठाए गए कदमों और आगे की तैयारियों की प्रधानमंत्री ने समीक्षा की। गौरतलब है कि प्रधानमंत्री मोदी १६ और १७ जून को सभी मुख्यमंत्रियों के साथ वीडियो कांफ्रेंसिंग के करेंगे। शनिवार को हुई उच्च स्तरीय बैठक के बाद प्रधानमंत्री कार्यालय, पीएमओ ने बताया कि देश में कोरोना के दो तिहाई मामले सिर्फ पांच राज्यों में हैं और उनमें भी बड़े शहरों में संक्रमितों की संख्या ज्यादा है। वहां पर कोरोना संकट से निपटने के लिए टेस्टिंग, बेड्स की संख्या और जरूरी सेवाएं बढ़ाने पर इस बैठक में चर्चा हुई। इसके अलावा प्रधानमंत्री ने मनसून सीजन को देखते हुए अस्पतालों में बेड और कोरोना वॉर्ड की जरूरतों को लेकर स्वास्थ्य मंत्रालय को राज्यों के साथ इमरजेंसी प्लानिंग करने के लिए कहा गया है। प्रधानमंत्री के साथ शनिवार को हुई बैठक में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, स्वास्थ्य मंत्री डॉक्टर हर्षवर्धन,



प्रधानमंत्री के प्रमुख सचिव, स्वास्थ्य सचिव, आईसीएमआर के डायरेक्टर और अधिकार प्राप्त समूह के सदस्य शामिल हुए। इसके बाद गृह मंत्री अमित शाह और स्वास्थ्य मंत्री हर्षवर्धन रविवार को दिल्ली के उप राज्यपाल अनिल बैजल, मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और एम्स के डायरेक्टर डॉ. रणदीप गुलेरिया के साथ बैठक करेंगे। गौरतलब है कि राष्ट्रीय राजधानी में संक्रमितों की संख्या ३६ हजार से ज्यादा हो गई है।

## लोनिवि सहित निर्माण एजेंसियों की ठेकेदारी में आरक्षण प्रथा होगी लागू

लखनऊ। नौकरियों की तरह सरकार अब लोक निर्माण विभाग सहित निर्माण एजेंसियों की ठेकेदारी में भी आरक्षण प्रथा लागू करने जा रही है। सरकार का मानना है कि इस नई व्यवस्था से सभी वर्ग के लोग ठेकेदारी प्रथा में अपना प्रतिनिधित्व करेंगे और उनका उत्थान होगा। वर्तमान में सरकार लोक निर्माण विभाग, सेतु निगम और राजकीय निर्माण निगम में आरक्षण व्यवस्था लागू करने जा रही है। यहां पर आरक्षित वर्ग के लोग ४० लाख रुपये तक निर्माण संबंधी काम कराने का ठेका ले सकेंगे। तैयार किए जा रहे प्रस्ताव के अनुसार अनुसूचित जाति के ठेकेदारों को २१ प्रतिशत, अनुसूचित जनजाति के ठेकेदारों को २ प्रतिशत, पिछड़े वर्ग के ठेकेदारों को २७ प्रतिशत और सामान्य



वर्ग के गरीब ठेकेदारों को १० प्रतिशत ठेकेदारी में आरक्षण का प्राविधान किया गया है। ठेकों में आरक्षण की नई व्यवस्था का जिक्र करते हुए उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने बताया कि सभी संबंधित उच्च अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि वह जल्दी से जल्दी इसका प्रस्ताव बना करके प्रस्तुत करें। इसमें किसी भी तरह की लापरवाही या शिथिलता छम्य में नहीं होगी। उन्होंने बताया कि सरकार की मंशा है, ठेकेदारी में सभी वर्गों के लोगों को उचित प्रतिनिधित्व मिले। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि आरक्षण का प्रावधान करने से जहां आरक्षित वर्ग के लोगों को काम करने का भरपूर अवसर मिलेगा, वहीं ठेकेदारी में और अधिक प्रतिस्पर्धा भी पैदा होगी, जिससे कम लागत में अच्छे से अच्छा काम हो सकेगा। बताया कि उनका मानना है, सभी कार्यदाई संस्थाओं और विभागों के ठेकों में आरक्षण की व्यवस्था हो जाए तो ज्यादा अच्छा रहेगा।

## योगी सरकार ने साढ़े दस लाख श्रमिकों के खाते में भेजे १०४ करोड़ रूपये

लखनऊ। उत्तर प्रदेश सरकार ने शनिवार को १० लाख ४८ हजार १६६ श्रमिकों के खातों में १०४ करोड़ ८२ लाख रुपए की धनराशि ऑनलाइन ट्रांसफर की, जो प्रति परिवार एक हजार रुपए के हिसाब से भेजी गई है। इस दौरान उन्होंने कहा कि कोरोना आपदा राहत योजना के तहत लगातार तीन महीने तक श्रमिकों के खातों में धनराशि भेजी जाएगी। उन्होंने कहा कि लॉकडाउन के दौरान प्रदेश सरकार ने फैसला किया था आपदा राहत सहायता योजना के तहत तीन महीने तक लगातार एक–एक हजार रुपए श्रमिकों के खाते में भेजे जाएंगे, जिसके तहत अप्रैल, मई माह के बाद शनिवार को १० लाख ४८ हजार १६६ श्रमिकों के खाते में भी १०००–१००० रुपए भेजे गए हैं। उन्होंने कहा कि अब लॉकडाउन खुल गया है। बावजूद इसके श्रमिकों को अभी भवन निर्माण से संबंधी काम नहीं मिल रहा है। इसलिए श्रमिक परिवारों को भरण–पोषण के लिए १०००–१००० रुपए की धनराशि



और दिया जाना जरूरी है। उन्होंने अफसरों से कहा कि कामगारों/श्रमिकों को रोजगार उपलब्ध कराने के संबंध में निरन्तर कार्रवाई की जाए। इनके लिए विभिन्न क्षेत्रों में रोजगार की सभी संभावनाओं को तलाशा जाए और मंडी को एक्सपोर्ट हब के तौर पर विकसित किया जाय।

# सम्पादकीय

## सबसे अधिक संक्रमित देशों की सूची में भारत चौथे स्थान पर

दुनिया में कोरोना वायरस से सबसे अधिक संक्रमित देशों की सूची में भारत अब चौथे स्थान पर आ गया है। स्पेन और फिर ब्रिटेन को पीछे छोड़ कर भारत चौथे स्थान पर पहुंच गया है। भारत से ऊपर अब अमेरिका, ब्राजील और रूस हैं। गुरुवार को देर शाम तक भारत में ९८ सौ से ज्यादा मामले आए, जिसके बाद देश भर में संक्रमितों की संख्या बढ़ कर दो लाख ९७ हजार से ज्यादा हो गई। इसमें मध्य प्रदेश, तेलंगाना और एक–दो छोटे राज्यों का आंकड़ा शामिल नहीं है। इनका आंकड़ा आने के बाद संक्रमितों की संख्या गुरुवार को भी दस हजार के औसत को पार कर जाएगी। बहरहाल, गुरुवार की देर शाम तक देश भर में आए ९,८४६ नए मामले आए, जिसके बाद देश में संक्रमितों की कुल संख्या दो लाख ९७ हजार से ज्यादा हो गई। देश में सबसे ज्यादा प्रभावित महाराष्ट्र में गुरुवार को संक्रमितों की संख्या में रिकार्ड बढ़ोतरी हुई। गुरुवार की शाम तक राज्य में ३,६०७ मामले आए, जिसके बाद संक्रमितों की संख्या ९७,६४८ हो गई। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में भी गुरुवार को संक्रमितों की संख्या का नया रिकार्ड बना। दिल्ली में १,८७७ मामले आए, जिसके बाद संक्रमितों की संख्या बढ़ कर ३४,६८७ हो गई। महाराष्ट्र के बाद कोरोना वायरस के नए इपीसेंटर के तौर पर उभरे तमिलनाडु में गुरुवार को भी रिकार्ड संख्या नए मामले आए। राज्य में १,८७५ संक्रमित मिले, जिसके बाद कुल संख्या ३८,७१६ हो गई। इससे पहले बुधवार १६ सौ से ज्यादा मामले आए थे। गुजरात में गुरुवार को ५१३ मामले आए, जिसके बाद संक्रमितों की संख्या २२,०६७ पहुंच गई। उत्तर प्रदेश में ४७८ नए मामले आए, जिसके बाद संक्रमितों की संख्या १२,०८८ पहुंच गई। पश्चिम बंगाल में गुरुवार को ४४० नए मामले आए, जिसके बाद संक्रमितों की कुल संख्या बढ़ कर ६,७६८ हो गई। राजस्थान में ५१ मामले आए, जिसके बाद संक्रमितों की संख्या बढ़ कर ११,६५१ हो गई। बिहार में १०६ नए मामले आए, जिसके बाद संक्रमितों का आंकड़ा ५,८०७ हो गया। हरियाणा में गुरुवार को १५८ नए मामले आए, जिसके बाद संक्रमितों की संख्या ५,७३७ हो गई। कर्नाटक में गुरुवार को २०४ नए मामले आए, जिसके बाद संक्रमितों की संख्या ६,२४५ हो गई। आंध्र प्रदेश में गुरुवार को १८२ मामले आए, जिसके बाद संक्रमितों की संख्या बढ़ कर ५,४२६ हो गई। जम्मू कश्मीर में ६७ मामले आए, जिसके बाद संक्रमितों की संख्या ४,५७४ हो गई। इसके अलावा ओड़िशा में १३६, केरल में ८३, पंजाब में ८२, असम में ३४, उत्तराखंड में ७५, छत्तीसगढ़ में ६७ और मणिपुर में ३१ नए मामले सामने आए। ये आंकड़े कोविड१९इंडिया डॉट ओआरजी की वेबसाइट पर आधारित है। भारत के स्वास्थ्य व परिवार कल्याण मंत्रालय की वेबसाइट के मुताबिक गुरुवार की देर शाम तक कुल दो लाख ८६ हजार ५७८ मामले थे। इनमें से ८,१०२ लोगों की मौत हुई है, जबकि एक लाख ४१ हजार २८ लोग इलाज से ठीक हुए हैं और एक लाख ३७ हजार ४४८ लोग अस्पताल में भरती है।

# प्रदेश अध्यक्ष की रिहाई के लिए कांग्रेस का प्रदर्शन, कई हिरासत में

लखनऊ। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय कुमार लल्लू की रिहाई को लेकर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने शनिवार को उत्तर प्रदेश के विभिन्न जिलों में प्रदर्शन किया। इसी क्रम में उप्र की राजधानी लखनऊ के हजरतगंज में मार्च निकालकर प्रदर्शन किया गया। कांग्रेस प्रदेश कार्यालय से गांधी प्रतिमा तक कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने मार्च निकालकर योगी सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। इस दौरान पुलिस ने कांग्रेस के कुछ कार्यकताओं को हिरासत में ले लिया। प्रदर्शन की आशंका को देखते हुए गांधी प्रतिमा के पास पहले से ही भारी पुलिस फोर्स तैनात रही। अजय कुमार लल्लू की रिहा किए जाने की मांग करते हुए कांग्रेस महानगर अध्यक्ष मुकेश सिंह चौहान के नेतृत्व में प्रदेश कार्यालय से हजरतगंज चौराहे तक मार्च किया गया। गांधी प्रतिमा के पास पहुंचते ही दो दर्जन से ज्यादा कांग्रेस कार्यकर्ताओं को पुलिस ने हिरासत में ले लिया गया। प्रदेश कांग्रेस की अलग–अलग टीमें इधर कई दिनों से लल्लू की रिहाई को लेकर प्रत्येक दिन धरना एवं प्रदर्शन और प्रेस कांफ्रेंस कर सरकार के खिलाफ मोर्चा खोले



हुए हैं। उत्तर प्रदेश कांग्रेस के मीडिया को–अर्डिनेटर लल्लन कुमार का कहना है कि उप्र कांग्रेस अध्यक्ष अजय कुमार लल्लू को गरीबों, प्रवासी श्रमिकों को मदद करने के 'अपराध' में पिछले २५ दिनों से योगी सरकार ने जेल में डाल रखा है। उनकी गिरफ्तारी राजनीतिक दुर्भावना से प्रेरित है। उन्होंने कहा, "प्रदेश अध्यक्ष लल्लूजी की रिहाई के लिए प्रदेश के सभी जिलों में कांग्रेस कार्यकर्ता व नेता गांधीजी की प्रतिमा के सामने सुबह ११ बजे से मौन प्रतिवाद कर रहे थे। उत्तर प्रदेश सरकार इतनी भयभीत है कि उसे मौन प्रतिवाद से भी डर लगता है। बड़े पैमाने पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं नेताओं कि गिरफ्तारी हो रही है।" लल्लन कुमार ने बताया कि लखनऊ, वाराणसी, बिजनौर, गौतबुद्धनगर, हापुड़, बुलंदशहर, अमरोहा, फर्रुखाबाद, सुल्तानपुर, सहारनपुर इत्यादि शहरों में कांग्रेस कार्यकर्ता गिरफ्तार हुए हैं।

# मुख्य सचिव पर टिप्पणी करने पर पूर्व आईएएस सूर्य प्रताप सिंह पर मुकदमा

लखनऊ। सेवानिवृत्त आईएएस डा. सूर्य प्रताप सिंह के खिलाफ सोशल मीडिया पर सरकार विरोधी पोस्ट करने के मामले में लखनऊ की हजरतगंज कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। यह रिपोर्ट सचिवालय चौकी प्रभारी सुभाष सिंह ने दर्ज कराई है। पुलिस के मुताबिक सूर्य प्रताप ने बुधवार को एक ट्वीट किया था। इसमें कोविड–१९ से निपटने को बनाई टीम–११ की बैठक के बाद मुख्य सचिव द्वारा जिलाधिकारियों को अधिक कोरोना टेस्ट करने पर टोके जाने का जिक्र था। पूर्व आईएएस ने मुख्य सचिव के हैण्डल को टैग कर यह ट्वीट



किया था। इसमें कोरोना से निपटने को यूपी की नो टेस्ट–नो कोरोना का जिक्र भी था। इंस्पेक्टर हजरतगंज अंजनी कुमार पाण्डेय ने बताया कि महामारी अधिनियम व दुष्प्रचार करने की धारा में रिपोर्ट दर्ज कराई है। कर्मचारी नेता सलमान जमीर ने बताया कि मूलतः बुलंदशहर के रहने वाले डा. सूर्यप्रताप नैनीताल, बरेली, मुजफ्फरनगर व बदायूं के जिलाधिकारी भी रहे। उन्होंने उर्दू लिखना –पढ़ना बरेली में सीखा। बरेली में उनके कार्यकाल के दौरन पढ़ो और पढ़ाओ, कुछ कर दिखाओ का नारा सरकारी कर्मचारी/अधिकारी, जन प्रतिनिधियों के बीच खूब चर्चित रहा था।

# कांग्रेस अध्यक्ष लल्लू को जमानत नहीं, अगली सुनवाई १६ को

लखनऊ। उत्तर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय कुमार लल्लू की जमानत याचिका पर सुनवाई अगली १६ जून तक के लिये टाल दी गयी है। अजय कुमार लल्लू के खिलाफ आगरा में लाकडाउन के नियमों का उल्लघंन और प्रवासी श्रमिकों के लिये दी गयी बसों की सूची में धोखाधड़ी करने का आरोप है। उच्च न्यायालय की लखनऊ पीठ के जज एआर मसूदी की अदालत में आज लल्लू की जमानत याचिका पर सुनवाई पूरी नहीं हो सकी और अब १६ जून को जमानत अर्जी पर सुनवाई होगी। इससे पहले एमपी–एमएलए विशेष अदालत ने कांग्रेसी नेता की जमानत अर्जी एक जून को खारिज कर दी थी। इसके बाद उन्होने उच्च न्यायालय में जमानत अर्जी दाखिल की। कांग्रेसी नेता की



दलील है कि उन्हे बस सूची विवाद में कोई भूमिका नहीं है। उन्हें राजनीतिक कारणों से फंसाया गया है। इस बीच प्रदेश कांग्रेस के मीडिया संयोजक ललन कुमार ने बताया कि अजय कुमार लल्लू की जमानत याचिका पर आज उच्च न्यायालय इलाहाबाद (लखनऊ) में सुनवायी हुए जिसमें जमानत पर अगली सुनवाई की तारीख १६ जून निश्चित हुई। यूपी सरकार का ये गरीब–मजदूर विरोधी रवैया साफ झलक रहा है। जिस तरह से बार–बार अदालत में मामले सरकारी वकील द्वारा टाला जा रहा है, बहुत ही शर्मनाक है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस का सेवा सत्याग्रह के माध्यम से एक–एक सिपाही सड़क पे आंदोलन करेंगे। लल्लू के रिहाई के लिए जेल भरो आंदोलन बहुत जल्द ही शुरू किया जाएगा। यूपी भाजपा की योगी सरकार का ये तानाशाही रवैया प्रदेश की जनता सब देख रही है।

# बेवजह बाहर निकलने वालों पर दर्ज होगी एफआइआर

लखनऊ। राजधानी के तमाम इलाकों में पैर पसार रहा कोरोना महामारी को रोकने के लिए जिलाधिकारी ने कंटेनमेंट जोन में और सख्ती बरतने के निर्देश दिए हैं। शहर के कई कंटेनमेंट जोन का दौरा कर अफसरों को बेवजह बाहर घूमने वालों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने के निर्देश दिए। डीएम ने कहा प्रोटोकल को लेकर किसी से लापरवाही ना हो और जो भी शख्स बिना वजह बाहर मिले उसे तत्काल गिरफ्तार किया जाए। जिलाधिकारी आज दोपहर फूलबाग पहुंचे। यहां विगत दिनों सैम्पलिंग करने पर ०५ कोविड पजिटिव केस पाए गये थे। इस कंटेनमेंट जोन में लगभग ७० परिवार निवास कर रहे हैं। जिलाधिकारी ने उक्त प्रभावित परिवारों को राशन, सब्जी, दवाईयां, दूध, फल आदि की डोर–स्टेप डिलीवरी कराए जाने के निर्देश अपर जिलाधिकारी, आपूर्त्त को दिए हैं। इसके बाद जिलाधिकारी ऐशबाग एलडीए कलोनी पहुंचे। यहा रंजना हस्पिटल के आस–पास का क्षेत्र सील किया गया है। पिछले दिनों इस क्षेत्र में ०६ कोरोना पजिटिव केस पाए गये थे। लगभग ६७ घर सील्ड क्षेत्र में आते हैं।डीएम ने पूरे क्षेत्र में सघन अभियान चलाकर सेनेटाइजेशन कराने, आवश्यकता अनुसार सैम्पलिंग कराने के साथ ही जीवनोपयोगी वस्तुओं की शत–प्रतिशत होम डिलीवरी कराए जाने के निर्देश दिए।

# मुख्यमंत्री योगी नें बाल श्रम निषेध दिवस पर बाल श्रमिक विद्याधन योजना का लोकार्पण किया

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अंतरराष्ट्रीय बाल श्रम निषेध दिवस पर बाल श्रमिक विद्याधन योजना (कंडीशनल कैश ट्रांसफर) का लोकार्पण किया। योजना के तहत हाईस्कूल उत्तीर्ण करने तक बालकों को १००० और बालिकाओं को १२०० रुपये प्रति माह की दर से आर्थिक सहायता दी जाएगी। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने कहा कि श्रमिक स्वाभिमानी होते हैं। हर विकास की बुनियाद में इनका ही खून–पसीना शामिल है। ऐसे में इनकी बेहतरी हमारा फर्ज है। उज्जवला, उजाला, प्रधानमंत्री आवास, आयुष्मान भारत जैसी योजनाएं इस तबके को केंद्र में ही रखकर बनायी गयीं हैं। बावजूद इसके हालात के नाते इस वर्ग के कुछ बच्चे परिवार की आय बढ़ाने के लिए पढ़ाई के उम्र में काम करने को विवश हैं। बाल श्रमिक विद्याधन योजना ऐसे ही बच्चों के लिए बनी है। पहले चरण में ५७ जिले के २००० बच्चों को इससे लाभान्वित किया जा रहा है। अगले शैक्षणिक सत्र से श्रमिकों के बच्चों को गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा दिलाने के लिए हमारे अटल आवासीय विद्यालय भी बन कर तैयार हो जाएंगे। इन स्कूलों में पढ़ाई के साथ बच्चों को उनकी रुचि और क्षमता के अनुसार विकास करने



का भी पूरा मौका मिलेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि योजना से लाभान्वित होने वाले बच्चों के परिवार वालों को भी केंद्र और प्रदेश सरकार की सभी योजनाओं से संतृप्त किया जाय। इस दौरान मुख्यमंत्री ने गोंडा की मधु, बलरामपुर के अजय कुमार मौर्य, विनोद, कानपुर की लक्ष्मी, नेंसी लखनऊ के रेहान और सना, सोनभद्र की चांदनी, प्रीति और गौतम से बात भी की। उन्होंने बच्चों से कहा कि खूब मेहनत से पढ़ो, बड़ा आदमी बनो। सरकार पढ़ाई का सारा खर्च उठाने के साथ घर वालों को भी सारी सुविधाएं देगी। मां को या जिसके साथ रह रहे हो उसे परेशान न करना। ये वह बच्चे थे जो हालात के कारण पढ़ायी की बजाय बाल श्रमिक बनने को मजबूर हैं। इनमें से किसी के पिता नहीं हैं तो किसी की मां। कुछ के तो दोनों नहीं। वे अपनी दादी, बुआ या मां के साथ रहते हैं। योजना के तहत चयनित बालकों और बालिकाओं को सरकार हर माह क्रमशः १००० और १२०० रुपये देगी। यदि ये बच्चे कक्षा ८, ६ और १० पास करते हैं तो इनको हर कक्षा पास करने पर ६००० रुपये की अतिरिक्त राशि मिलेगी। योजना के पात्र ८ से १८ वर्ष के वे काम–काजी बच्चे या बच्चियां होंगी जो संगठित या असंगठित क्षेत्र में परिवार के विषम हालात की वजह से परिवार की आय के लिए काम करते हों। ऐसे परिवार जिनके माता या पिता या दोनों की मौत हो चुकी हो। माता या पिता दोनों स्थायी रूप से दिव्यांग हों। महिला या माता परिवार की मुखिया हो। दोनों को असाध्य रोग हो या भूमिहीन हों।

# मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को बम से उड़ाने की धमकी, सुरक्षा बढ़ाई

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को फिर मिली धमकी के बाद उनके आवास के आसपास की सुरक्षा बढ़ा दी गई है। पुलिस सूत्रों ने यहां यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री को बम से उड़ाने की धमकी यूपी पुलिस के ११२ पर फोन पर दी गई। इस संबंध में गृह विभाग के आला अधिकारियों की बैठक की जा रही है। इससे पहले मई माह में भी सीएम योगी को धमकी मिली थी और दो लोगों को मुम्बई से गिरफ्तार किया गया था।

# कट्टरपंथी मुस्लिम जहरीले वायरस से मानसिक बीमार : वसीम रिजवी

लखनऊ। उत्तर प्रदेश शिया सेंट्रल वक्फ बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष वसीम रिजवी ने 'इस्लाम में अल्कोहल हराम' वाले बयान को लेकर एक मुफ्ती पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि कट्टरपंथी मुस्लिम मुल्ला जहरीले वायरस से मानसिक तौर पर बीमार हो चुके हैं। वसीम रिजवी ने आज जारी अपने वीडियो में कहा कि "कट्टरपंथी मुस्लिम मुल्ला इस्लामिक जहरीले वायरस से मानसिक बीमार हो चुके है। कोई भी मुसलमान किसी भी मस्जिद में अल्कोहल से बने सैनिटाइजर से अपने हाथ–पैर साफ करके जा सकता है, बल्कि अगर किसी की जान जाने का खतरा हो तो किसी भी मस्जिद को अल्कोहल से साफ भी किया जा सकता है।" उन्होंन कहा, "अपने को और दूसरे को सुरक्षित रखने के लिए अल्कोहल से बने सैनिटाइजर का इस्तेमाल करके खुद को साफ रखना जायज है। मगर किसी भी केमिकल को पीकर नशा करना गुनाह है। अल्कोहल गंदा नहीं है। इंसानियत और देश के ऊपर धर्म को मानने वाले, हिंदुस्तान में रहकर पाकिस्तानी और जिहादी विचार रखने वाले गंदे हैं।" दरअसल, दरगाह आला हजरत स्थित सुन्नी मरकजी दारुल इफ्ता के मुफ्ती अब्दुर्रहीम नश्तर फारूकी ने कहा है कि इस्लाम में अल्कोहल को हराम करार दिया गया है, इसलिए सैनिटाइजर का इस्तेमाल मस्जिदों में न किया जाए। मस्जिद अल्लाह का घर है, उसे नापाक न होने दें। गौरतलब है कि अनलक–वन में मस्जिदें खोली गई हैं। इसके लिए शासन की तरफ से जारी गाइडलाइन में धार्मिक स्थलों को अल्कोहल युक्त सैनिटाइजर से सैनिटाइज कराने को कहा गया है। इस पर दारुल इफ्ता के मुफ्ती नश्तर फारूकी ने बयान जारी करते हुए कहा है कि अल्कोहल से बने सैनिटाइजर का इस्तेमाल मुसलमानों के लिए हराम है और उससे मस्जिदों को सैनिटाइज करने का मतलब पूरी मस्जिद को नापाक करना है। नापाक जगह पर नमाज नहीं हो सकती। उधर, दारुल उलूम देवबंद ने अहम फतवा दिया है। दारुल उलूम के मुफ्तियों की खंडपीठ ने कहा है कि सैनिटाइजर में इस्तेमाल होने वाला अल्कोहल अलग किस्म का होता है, इसलिए इसके इस्तेमाल में कोई हर्ज नहीं है। यह भी कहा कि यह सभी की हिफाजत के नजरिए से भी सही है। कहा है कि दवाओं और सैनिटाइजर में इस्तेमाल होने वाला अल्कोहल गन्ने का रस, सब्जी, विभिन्न तरह के दानों (केमिकल), पेट्रोल, कोयला आदि से बनता है। लिहाजा, सैनिटाइजर इस्तेमाल किया जा सकता है। वुजू के बाद सैनिटाइजर से हाथ धो सकते हैं।

# तेल से मिले लाभ को जनता में बांटे सरकार : कांग्रेस

नई दिल्ली। कांग्रेस ने कहा है कि पेट्रोल– डीजल के दाम अंतरराष्ट्रीय बाजार में बहुत कम हैंऔर केंद्र सरकार इससे लगातार लाभ अर्जित कर रही है लेकिन तेल से हुए फायदे का हिस्सा लोगों को देने की बजाय पेट्रोल के दाम बढ़ाकर जनता को लूट रही है। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता कपिल सिब्बल ने यहां संवाददाता सम्मेलन में कहा कि सरकार ईंधन से अत्यधिक लाभ अर्जित कर रही है। उसके इस लाभ में लगातार इजाफा हो, इसके लिए आए दिन तेल के दाम बढ़ाए जा रहे हैं। तेल के दाम बढ़ने से सभी वस्तुओं के दाम बढ़ जाते हैं और आम आदमी महंगाई से इसी वजह से बेहाल हो रहा है। सरकार तेल से लाखों करोड़ रुपये की बचत कर रही है और उद्योगपतियों को फायदा पहुंचाया जा रहा है लेकिन जनता को तेल के दाम बढ़ाकर लूटा जा रहा है। उन्होंने कहा कि मई २०१४ में पेट्रोल की दर दिल्ली में ७१ रुपए ४१ पैसा थी जो इस साल जून में बढ़कर ७५ रुपए १६ पैसे प्रति लीटर की दर पर है यानि पेट्रोल के दाम में पांच प्रतिशत से ज्यादा का इजाफा हुआ है। ध्यान देने की बात यह है कि २०१४ में अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल के दाम १०६ डालर प्रति बैरल थे जो गिरकर आज ३८ डालर



प्रति बैरल पर हैं। इसका मतलब यह हुआ कि सरकार तेल से कमाई कर रही है और आम लोगों को लूटा जा रहा है। सरकार तेल से रिकॉर्ड कर वसूल रही है और लोगों की जेब पर हमला कर रही है। सिब्बल ने कहा कि भारत में ईंधन पर सबसे अधिक ६६ प्रतिशत कर लगाया जाता है और कर की यह दर दुनिया में विकसित और विकासशील देशों की तुलना में ज्यादा ही नहीं बल्कि बहुत अधिक है। यह दर कम होनी चाहिए थी क्योंकि हमारे यहां ८० करोड़ से अधिक आबादी गरीब है। बंगलादेश, पाकिस्तान, नेपाल, अफगानिस्तान जैसे देशों में ईंधन के दाम भारत की तुलना में बहुत कम है। सरकार देश के गरीब पर बोझ डाल रही है और उनकी कमाई में सेंध लगाकर अपनी कमाई कर रही है। उन्होंने कहा कि सरकार के पास आय के साधन नहीं हैं। सरकार ने कॉरपोरेट घरानों को करों में राहत देकर अपनी कमाई कम कर दी है और अब उसके पास कमाई का कोई जरिया नहीं बचा है इसलिए वह जनता को लूट रही है और पेट्रोल के दाम बढ़ा रही है।

# सीएम हेल्पलाइन के १८ कर्मी कोरोना पॉजटिव

लखनऊ। शुक्रवार को केजीएमयू में इलाज के दरम्यान एक बुजुर्ग महिला की मौत हो गई। वहीं ३१ नए मरीजों में वायरस की पुष्टि हुई है। इसमें २४ मरीज सीएम हेल्पलाइन के हैं। फूलबाग निवासी ६३ वर्षीय महिला को छह जून को केजीएमयू में भर्ती कराया गया था। केजीएमयू प्रवक्ता डॉ. सुधीर सिंह के मुताबिक बुजुर्ग महिला में डायबिटीज व बीपी की भी समस्या थी।लखनऊ स्थित गोमतीनगर में इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान के पास साइबर हाइट टावर है। इसमें सीएम हेल्पलाइन सेवा का कॉलसेंटर में है। इसका जिम्मा निजी कंपनी के पास है। यहां दूसरे दिन भी नौ कर्मियों में वायरस की पुष्टि हुई है। ऐसे में अब तक १८ कर्मी हेल्पलाइन के संक्रमण की चपेट में आ चुके हैं। इससे कॉलसेंटर में हड़कंप मच गया है। इसके अलावा अलीगंज, निरालानगर, डंडिया, योजनाभवन के पास व पीजीआइ का एक वार्ड बॉय भी वायरस की चपेट में आया है।

# यूपी के ११ जिलों में विशेषज्ञ संभालेंगे बिगड़े हालात

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आगरा समेत ११ जिलों में कोरोना संक्रमण के बढ़ते मामलों को काबू करने के लिये प्रोफेसर स्तर के वरिष्ठ और अनुभवी विशेषज्ञों को भेजे जाने के निर्देश दिये हैं। मुख्यमंत्री योगी ने शुक्रवार को एक उच्च स्तरीय बैठक में अनलॉक व्यवस्था की समीक्षा करते हुये कहा कि आगरा, मेरठ, फिरोजाबाद, मुरादाबाद, गौतमबुद्ध नगर, बुलन्दशहर, अलीगढ़, गाजियाबाद, कानपुर नगर, झांसी तथा बस्ती में प्रोफेसर स्तर के वरिष्ठ एवं अनुभवी विशेषज्ञ को भेजा जाये, जो स्थानीय मेडिकल टीम को उपचार सम्बन्धी उचित परामर्श तथा सहयोग प्रदान करेंगे। उन्होंने इन जिलों में प्रमुख सचिवध्सचिव स्तर के अधिकारियों को नामित करने के निर्देश देते हुए कहा कि यह अधिकारी सम्बन्धित जिलों में कैम्प करते हुए जिला प्रशासन के कार्यों का पर्यवेक्षण करते हुए अधिकारियों का सहयोग करेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि स्वास्थ्य विभाग द्वारा जिलों में तैनात अपर निदेशक तथा संयुक्त निदेशक स्तर के वरिष्ठ चिकित्साधिकारी यह सुनिश्चित कराएं कि अस्पतालों में मरीजों को दवा, शुद्ध व सुपाच्य भोजन तथा पीने के लिए गुनगुना पानी नियमित तौर पर मिले तथा चिकित्सालयों की साफ–सफाई व्यवस्था भी चुस्त–दुरुस्त बनी रहे। सीएम योगी ने कहा कि निजी टेस्टिंग लैब के कार्यों का प्रभावी अनुश्रवण किया जाए। उन्होंने नगरीय क्षेत्रों में निगरानी समितियों के सर्विलांस कार्य पर विशेष ध्यान देने के निर्देश भी दिए। साफ–सफाई व्यवस्था को दुरुस्त बनाए रखने के निर्देश देते हुए उन्होने कहा कि स्वस्थ जीवन के लिए स्वच्छता आवश्यक है। कोरोना को परास्त करने में साफ–सफाई एक महत्वपूर्ण हथियार है। इसलिए लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करने के सम्बन्ध में प्रयास जारी रखे जाएं। सभी जिलाधिकारी अपने जिलों के कोविड एवं नॉन कोविड अस्पतालों का नियमित निरीक्षण करें। उन्होंने कहा कि चिकित्सालयों की व्यवस्थाओं को बेहतर बनाए रखा जाए। यह सुनिश्चित किया जाए कि चिकित्सक तथा नर्सिंग स्टाफ नियमित राउण्ड लें, पैरामेडिक्स मरीजों की निरन्तर मॉनिटरिंग करें।


# सेना प्रमुख ने कहा सब ठीक

नई दिल्ली। भारतीय थल सेना के प्रमुख जनरल एमएम नरवणे ने सीमा पर सब कुछ ठीक होने का भरोसा दिलाया है। भारत–चीन, भारत–नेपाल और भारत–पाकिस्तान सीमा पर अलग अलग कारणों से चल रहे तनावों के बीच उन्होंने शनिवार को कहा कि सीमा पर स्थिति नियंत्रण में है। नरवणे ने कहा– मैं सभी को भरोसा दिलाना चाहता हूं कि चीन के साथ हमारी सीमाओं पर स्थिति पूरी तरह से नियंत्रण में है। उन्होंने यह भी कहा कि नेपाल के साथ सब कुछ ठीक है और दोनों देशों के संबंध मजबूत हैं। सेना प्रमुख ने चीन के साथ सीमा पर चल रहे विवाद को लेकर कहा– हमारे बीच बातचीत की एक शृंखला चल रही है, जो कोर कमांडर स्तर की वार्ता के साथ शुरू हुई है। जनरल नरवणे ने आगे कहा– हम उम्मीद कर रहे हैं कि लगातार संवाद के माध्यम में से हम सभी मतभेदों को दूर करने में कामयाब रहेंगे। हर चीज नियंत्रण में है। न्यूज एजेंसी एएनआई के मुताबिक, नेपाल को लेकर सेना प्रमुख ने कहा– नेपाल के साथ हमारे संबंध मजबूत हैं। हमारे बीच भौगोलिक, सांस्तिक, ऐतिहासिक और धार्मिक जुड़ाव है। हमारे लोगों के बीच आपसी संबंध बहुत मजबूत हैं। उन्होंने कहा– नेपाल के साथ हमारे संबंध हमेशा मजबूत रहे हैं और भविष्य में भी मजबूत रहेंगे। सेना प्रमुख ने जम्मू कश्मीर में पिछले कई दिनों से चल रहे सुरक्षा बलों के अभियान पर कहा– जहां तक जम्मू कश्मीर का संबंध है, हमने बहुत सी सफलताएं हासिल की हैं। पिछले १०–१५ दिनों में १५ से अधिक आतंकवादी मारे गए हैं। यह सब जम्मू कश्मीर में तैनात सभी सुरक्षा बलों के बीच घनिष्ठ सहयोग और समन्वय के कारण संभव हुआ है। उन्होंने कहा– ज्यादातर अपरेशन स्थानीय लोगों से मिली जानकारी के आधार पर किए गए हैं। यह दिखाता है कि स्थानीय लोग भी उग्रवाद और आतंकवाद से तंग आ चुके हैं और वे चाहते हैं कि स्थिति सामान्य हो जाए।



# शाह कल दिल्ली में कोविड-१९ की स्थिति की समीक्षा करेंगे

नई दिल्ली। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में कोविड–१६ की स्थिति का जायजा लेने के लिए केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह आज यहां समीक्षा बैठक करेंगे। गृह मंत्रालय ने ट्वीट किया, शाह और स्वास्थ्य मंत्री हर्षवर्धन पूर्वाह्न ११ बजे दिल्ली के उपराज्यपाल अनिल बैजल और मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के साथ बैठक करेंगे। राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एसडीएमए) के सदस्य भी बैठक में हिस्सा लेंगे। दिल्ली में कोविड–१६ मामलों की संख्या ३६,८२४ होने के मद्देनजर यह बैठक हो रही है। शहर में इस बीमारी से १,२१४ की मौतें हो चुकी हैं।



# पंचायत अध्यक्ष चुनाव को लेकर सपा भाजपा में छिड़ी जंग

इटावा। उत्तर प्रदेश के इटावा में जिला पंचायत चुनाव के ऐलान से पहले ही समाजवादी पार्टी (सपा) और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के बीच जंग छिड़ गयी है। दरअसल,तीन दिन पहले सपा के जिला पंचायत अध्यक्ष अभिषेक यादव कई प्रधानों को लेकर जिलाधिकारी के समक्ष पेश हुए थे जहां पर उन्होंने प्रधानों के माध्यम से इस बात को रखा कि महेवा के ब्लाक प्रमुख अशोक चौबे दलित और कमजोर तबके से जुड़े हुए प्रधानों का ना केवल उत्पीड़न कर रहे हैं बल्कि उनको डरा धमका करके उनसे वसूली भी करने में जुटे हुए हैं । अभिषेक यादव ने महिमा के ब्लाक प्रमुख अशोक चौबे पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि वह कमजोर और दलित जाति से ताल्लुक रखने वाले प्रधानों को डरा धमका करके उनसे वसूली करने में लगे हुए हैं। जो वसूली में हिस्सेदार नहीं बन रहा है उसका अपहरण किया जा रहा है लेकिन सत्तारूढ़ दल से ताल्लुक रखने के चलते पुलिस कोई कार्रवाई नहीं कर रही है। जिला पंचायत अध्यक्ष के आरोपों के बाद महेवा के ब्लाक प्रमुख भी मुखर हो चले हैं। उन्होंने आज इटावा मुख्यालय पर सिंचाई विभाग के सर्किट हाउस में भाजपा नेताओं के साथ एक संवाददाता सम्मेलन कर जिला पंचायत अध्यक्ष पर कई गंभीर आरोप लगाये और उन्हे अदालत के कठघरे में खींचने की धमकी दी है। चौबे ने स्पष्ट किया है कि अगर वह दोषी है तो उनके खिलाफ पुलिस कानूनी और दंडात्मक कार्रवाई अमल में लाएं वह हर कार्रवाई के लिए तैयार है लेकिन अगर उनके ऊपर जिला पंचायत अध्यक्ष की ओर से झूठे और बेबुनियाद आरोप लगाए गए हैं तो वह उनको मानहानि के मामले में अदालत में ले जायेंगे ।

# कोरोना योद्धाओं को खुश रखने की जरूरत : सुप्रीम कोर्ट

नई दिल्ली। कोरोनो वायरस महामारी के दौरान कथित रूप से डॉक्टरों को वेतन का भुगतान न किए जाने के मामले में दायर जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने आज कहा कि यह एक तरह का युद्ध है और आप 'सैनिकों' को युद्ध के दौरान दुखी नहीं रख सकते। न्यायाधीश अशोक भूषण, संजय किशन कौल और एम.आर. शाह की पीठ ने कहा, यह एक तरह का युद्ध है। आप युद्ध के दौरान सैनिकों को दुखी नहीं रख सकते। इसलिए कोरोना योद्धाओं को सुरक्षित महसूस कराने के लिए और अधिक प्रयास करें। पीठ ने उन रिपोर्टों पर गौर किया, जिनमें आरोप लगाया गया था कि डॉक्टरों को भुगतान नहीं किया गया है। पीठ ने कहा, क्या आप देख सकते हैं कि डॉक्टर हाल ही में हड़ताल पर थे? इसके लिए अदालत के हस्तक्षेप की आवश्यकता नहीं होनी चाहिए। आपको अधिक करने की जरूरत है। डॉक्टरों के संबंध में यह चिंता का विषय है। पीठ ने केंद्र सरकार को यह भी सुझाव दिया कि वह इस मुद्दे को हल करने के लिए अतिरिक्त धनराशि का बंदोबस्त कर सकता है। सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने पीठ के समक्ष दलील दी कि वह इस याचिका का विरोध नहीं कर रहे हैं और यह एक प्रतिकूल मुकदमा नहीं है। याचिकाकर्ता की ओर से पेश वरिष्ठ वकील के.वी. विश्वनाथन ने कहा कि सरकारी डॉक्टरों के वेतन में कटौती की जा रही है, और निजी अस्पतालों को भी वेतन में कटौती नहीं करनी चाहिए। इस पर मेहता ने कहा, ऐसा लगता है कि आपने एक तदर्थ प्रतिनिधित्व की समीक्षा की है। न्यायाधीश शाह ने कहा, आप आधे–अधूरे मन से काम नहीं कर सकते। मेहता ने पीठ के समक्ष कहा कि यदि बेहतर सुझाव हैं, तो उन्हें निश्चित रूप से माना जा सकता है।

# दिल्ली चिकित्सक वेतन मामला : सामूहिक इस्तीफे की चेतावनी

नई दिल्ली। चिकित्सकों के एक संघ ने दिल्ली में नगर निगम के दो अस्पतालों के रेजिडेंट डॉक्टरों को अपना समर्थन दिया है और तीन महीने से लंबित वेतन के भुगतान की उनकी उचित मांगों को एक हफ्ते के भीतर पूरा नहीं किए जाने पर सामूहिक इस्तीफे की चेतावनी दी है। नगरपालिका चिकित्सक संघ (एमसीडीए) ने दिल्ली के उपराज्यपाल अनिल बैजल को भी पत्र लिखकर उनसे मामले में हस्तक्षेप करने की मांग की है। पत्र की एक प्रति प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह और राज्य के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को भी प्रेषित की गई है। उत्तर दिल्ली नगर निगम (एनडीएमसी) के ४५० बेड वाले कस्तूरबा अस्पताल और हिंदू राव अस्पताल के रेजिडेंट डॉक्टरों ने दावा किया है कि उन्हें मार्च से वेतन नहीं मिला है। दोनों ही अस्पतालों में कई डॉक्टर और अन्य स्टाफ कोविड–१६ की जांच में संक्रमित पाए गए हैं। एमसीडीए के अध्यक्ष आर आर गौतम ने शुक्रवार को कहा कि डॉक्टर हर दिन अपने और अपने परिवार के जीवन को जोखिम में डालते हैं। उन्होंने कहा, अग्रिम मोर्चे पर काम कर रहे कोविड–१६ स्वास्थ्य कर्मी होने की वजह से उनको उनका बकाया वेतन मिलना चाहिए। संघ ने पत्र में कहा, हमारा संघ पूरी तरह और बिना शर्त रेजिडेंट डॉक्टर्स के संघों की उचित मांगों का समर्थन करता है और हमने तय किया है कि सभी डॉक्टरों के तीन महीने के वेतन का भुगतान एक हफ्ते के भीतर नहीं होने पर हमें भी सरकारी सेवाओं से सामूहिक रूप से इस्तीफा देने पर मजबूर होना पड़ेगा। इसमें कहा कि अगर ऐसा नहीं करने दिया जाता, तो हमें सामूहिक स्तर पर वीआरएस (स्वेच्छा से सेवानिवृत्ति) लेने की अनुमति दी जाए। बुधवार को, कस्तूरबा अस्पताल के रेजिडेंट डॉक्टरों ने सामूहिक रूप से इस्तीफा देने की चेतावनी दी थी। बृहस्पतिवार को, दिल्ली उच्च न्यायालय ने इस मामले में जनहित याचिका पर सुनवाई शुरू की थी। एनडीएमसी की स्थायी समिति के प्रमुख, जय प्रकाश ने कहा, मामला सुलझाया जा रहा है।

# एक दिन में सवा लाख संक्रमित!

नई दिल्ली। दुनिया भर में कोरोना वायरस के संक्रमण के नए मामले की औसत संख्या एक दिन में सवा लाख के करीब हो गई है। पिछले दस दिन हर दिन संक्रमितों की संख्या में औसतन सवा लाख की बढ़ोतरी हो रही थी। शुक्रवार से लेकर शनिवार की सुबह तक २४ घंटे में सवा लाख से कुछ ज्यादा नए संक्रमित मिले। इसके बाद दुनिया में संक्रमितों की संख्या बढ़ कर ७७ लाख से ज्यादा हो गई। शनिवार की सुबह तक दुनिया में ७७ लाख ७५ हजार संक्रमित हो गए, जिनमें से करीब ४० लाख लोग इलाज से ठीक हुए हैं। दुनिया में ठीक होने वालों की संख्या नए एक्टिव केसेज से ज्यादा हो गई है। दुनिया भर में कोरोना वायरस के संक्रमितों की संख्या में तेजी से हो रही बढ़ोतरी के बीच संक्रमण से मरने वालों की संख्या में हर दिन औसतन तीन से पांच हजार की बढ़ोतरी हो रही है। शुक्रवार से लेकर शनिवार की सुबह तक २४ घंटे में दुनिया भर में चार हजार के करीब लोगों की मौत हुई, जिसके बाद मरने वालों का आंकड़ा चार लाख २६ हजार पहुंच गया। दुनिया में सबसे ज्यादा संक्रमित अमेरिका में संक्रमितों की संख्या २१ लाख १८ हजार से ज्यादा हो गई है और मरने वालों का आंकड़ा एक लाख १७ हजार के करीब पहुंच गया है। जॉन हॉपकिंस यूनिवर्सिटी के मुताबिक, शुक्रवार को अमेरिका ६,६१८ नए मामले सामने आए। इसी दौरान ३०८ लोगों की मौत हुई। अमेरिकी मीडिया की खबरों में बताया जा रहा है कि अश्वेत नागरिक जर्ज फ्लोयड की मौत के बाद हुए प्रदर्शनों की वजह से अमेरिका में संक्रमण का खतरा बढ़ा है। अमेरिका के बाद सबसे ज्यादा संक्रमित ब्राजील में शनिवार की सुबह तक मरने वालों का आंकड़ा ४२ हजार पहुंच गया। मरने वालों की संख्या के लिहाज से ब्राजील अब ब्रिटेन से आगे निकल गया है। ब्रिटेन में कोरोना वायरस से मरने वालों की संख्या साढ़े ४१ हजार है। बताया जा रहा है कि शुक्रवार को ब्राजील में ८४३ संक्रमितों की मौत हुई। अमेरिका और ब्राजील के बाद तीसरे सबसे ज्यादा संक्रमित देश रूस में संक्रमितों की संख्या पांच लाख २० हजार हो गई है। वहां पिछले २४ घंटे में ८७ सौ से कुछ ज्यादा नए मामले आए। रूस में अब तक ६,८२६ लोगों की जान जा चुकी है। रूस में दो लाख ७४ हजार ६४१ लोग ठीक हो चुके हैं। इस बीच खबर है कि कोरोना वायरस से सबसे पहले प्रभावित हुए चीन की राजधानी बीजिंग में संक्रमण के नए मामले सामने आए हैं, जिसके बाद बीजिंग के कुछ हिस्सों में शनिवार सुबह लकडाउन घोषित कर दिया गया। शुक्रवार को वहां के दो बड़े बाजारों को बंद कर दिया गया था। इसके बाद माना जा रहा था कि सरकार सख्त कदम उठा सकती है। वहां लोकल ट्रांसमिशन के दो मामले भी सामने आए थे।

# लद्दाख गतिरोध : राजनाथ ने स्थिति की समीक्षा की

नई दिल्ली। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ जनरल बिपिन रावत और तीनों सेनाओं के प्रमुखों के साथ आज यहां पूर्वी लद्दाख में वास्तविक नियंत्रण रेखा पर पिछले एक महीने से भी अधिक समय से चले आ रहे गतिरोध के कारण उत्पन्न स्थिति की समीक्षा की। लद्दाख के मुद्दे पर रक्षा मंत्री की चीफ आफ डिफेंस स्टाफ और तीनों सेनाओं के प्रमुखों के साथ एक सप्ताह में यह दूसरी बैठक है। इससे पहले उन्होंने गत ८ जून को भी इन अधिकारियों के साथ बैठक कर स्थिति का जायजा लिया था। सूत्रों के अनुसार आज की बैठक में जमीनी हालातों के साथ मौजूदा स्थिति पर चर्चा की गयी। सैन्य अधिकारियों ने रक्षा मंत्री को वस्तु स्थिति और सेना की तैयारियों से अवगत कराया।



बैठक में आगे की रणनीति पर भी चर्चा की गयी। दोनों सेनाओं के बीच गत ६ जून को चीन की चुशूल मोल्डो सीमा चौकी पर लेफ्टिनेंट जनरल स्तर की वार्ता हुई थी। इसके बाद भी दोनों पक्षों के बीच मेजर जनरल स्तर की बातचीत हुई। इस बीच सूत्रों के अनुसार चीनी सेना ने सिक्किम और अरूणाचल प्रदेश से लगती सीमा पर भी सैनिकों का जमावड़ा बढा दिया है।

# नेपाल के नक्शे में भारत के इलाके

काठमांडू। नेपाल की संसद ने भारत के कुछ इलाकों को अपना बताने के लिए नक्शे में बदलाव से जुड़ा बिल शनिवार को पास कर दिया। यह बिल संविधान में बदलाव करने के लिए लाया गया था, जिसमें भारत के तीन इलाकों को नेपाल में दिखाया गया है। यह बिल नेपाल की कानून मंत्री ड. शिवमाया तुम्बाड ने प्रतिनिधि सभा यानी संसद के निचले सदन में पेश किया था। इसके समर्थन में २५८ वोट पड़े और विरोध में एक भी वोट नहीं पड़ा। गौरतलब है कि २७५ सदस्यों वाली प्रतिनिधि सभा में विधेयक पास कराने के लिए दो तिहाई वोटों की जरूरत थी। देश की विपक्षी पार्टियों नेपाली कांग्रेस, राष्ट्रीय जनता पार्टी नेपाल और राष्ट्रीय प्रजातंत्र पार्टी ने भी



इसके पक्ष में वोट किया। अब इसे राष्ट्रीय सभा यानी संसद के ऊपरी सदन में भेजा जाएगा। वहां भी इस पर वोटिंग होगी। असल में भारत ने लिपुलेख से धारचूला तक सड़क बनाई है, जिसे लेकर नेपाल नाराज है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने आठ मई को वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए इसका उद्घाटन किया था। इसके बाद ही नेपाल की सरकार ने विरोध जताते हुए १८ मई को नया नक्शा जारी किया था। भारत ने इस पर आपत्ति जताई थी। भारत ने कहा था– यह ऐतिहासिक तथ्यों पर आधारित नहीं है। हाल ही में भारत के सेना प्रमुख जनरल एमएम नरवणे ने चीन का नाम लिए बिना कहा था कि नेपाल ने ऐसा किसी और के कहने पर किया। उनका इशारा चीन की ओर था।

# महाराष्ट्र ने घटाई जांच की फीस

मुंबई/नई दिल्ली। महाराष्ट्र में कोरोना वायरस के बढ़ते मामलों के बीच ज्यादा से ज्यादा लोगों की जांच कराने के लिए राज्य सरकार ने कोरोना वायरस की जांच की फीस घटा दी है। दूसरी ओर दिल्ली सरकार ने टेस्टिंग में लगातार हो रही कमी का ठीकरा आईसीएमआर पर फोड़ा है और कहा है कि उसके दिशा–निर्देशों की वजह से टेस्टिंग घट रही है। बहरहाल, महाराष्ट्र सरकार केस्वास्थ्य मंत्री राजेश टोपे ने शनिवार को बताया कि टेस्टिंग की फीस ४५ सौ रुपए से घटा कर २२ सौ रुपए कर दी है। घर से सैंपल लेने पर २८ सौ रुपए फीस देनी होगी। उन्होंने कहा कि इससे लोगों को राहत मिलेगी। ध्यान रहे सबसे पहले कर्नाटक की सरकार ने टेस्टिंग की फीस घटा कर साढ़े चार हजार की बजाय २२ सौ फिक्स किया था। दूसरी ओर दिल्ली में टेस्टिंग कम होने के विवाद पर स्वास्थ्य मंत्री सत्येंद्र जैन ने कहा कि अगर आपको राजधानी में टेस्टिंग बढ़ानी है तो इंडियन कौसिल अफ मेडिकल रिसर्च आईसीएमआर से कहिए कि वे अपनी गाइडलाइंस में बदलाव करे। उन्होंने कहा– हम आईसीएमआर की गाइडलाइन के बाहर नहीं जा सकते। आप आईसीएमआर से और केंद्र सरकार से कहिए कि उसको खोल दें फिर जो भी चाहे जा कर टेस्ट करा ले।

# कोरोना को लेकर केंद्र पर राहुल का हमला

नई दिल्ली। पिछले कई दिनों से चीन के साथ चल रहे सीमा विवाद पर केंद्र सरकार को घेर रहे कांग्रेस के नेता राहुल गांधी ने शनिवार कोरोना वायरस के संक्रमण को लेकर केंद्र सरकार पर व निशाना साधा।



उन्होंने चार ग्राफ ट्विट किए, जिनसे पता चल रहा है कि हर चरण के लॉकडाउन में संक्रमण के मामले बढ़ते गए। इससे पहले भी उन्होंने लॉकडाउन के समय का ग्राफ की दुनिया के दूसरे देशों के साथ तुलना करते हुए एक ट्विट किया था और कहा था कि लकडाउन का मकसद फेल हो गया। बहरहाल, राहुल गांधी ने शनिवार को अपने ट्विट के साथ एक अज्ञात व्यक्ति के कथन का उद्धरण दिया और कहा– एक ही चीज बार–बार करना और फिर अलग–अलग नतीजों की उम्मीद करना पागलपन है। इसके साथ ही उन्होंने लॉकडाउन की अवधि के चार ग्राफ भी शेयर किए। गौरतलब है कि भारत में इन दिनों औसतन ११ हजार नए मामले आ रहे हैं और भारत दुनिया का चौथा सबसे अधिक संक्रमित देश बन गया है।

# दलित उत्पीड़न पर अब मायावती नें चुप्पी तोड़ी

लखनऊ। कभी खुद को दलित की बेटी कहने वाली बहुजन समाज पार्टी की प्रमुख मायावती की हाल ही में उत्तर प्रदेश में दलितों के एक विशेष समुदाय द्वारा हो रहे उत्पीड़न पर उनकी चुप्पी को लेकर राजनीति गर्म थी और जोरदार आलोचना हो रही थी लेकिन अब बसपा प्रमुख डैमेज कंट्रोल में जुट गयी हैं। जौनपुर में पिछले मंगलवार को मामली बात पर दलितों के दस से ज्यादा घर जला दिये गये तो बुधवार को आजमगढ़ के आयमां गांव में दलित लड़कियों के साथ छेड़छाड़ की शिकायत पर एक समुदाय विशेष के लोगों ने घर में घुस कर महिलाओं और लड़कियों को मारा पीटा और उनके साथ आपत्तिजनक हरकतें की। बसपा प्रमुख ने आज इस मामले में



अपनी चुप्पी तोड़ी और लगातार तीन ट्वीट किये । उन्होंनें कहा कि यूपी में चाहे आजमगढ़ हो या जौनपुर या अन्य जिलों में खासकर दलित बहन बेटियों के साथ उत्पीड़न का मामला हो या किसी अन्य जाति की बहन बेटी का इसकी जितनी निंदा की जाय कम है । उन्होंने कहा कि इसके दोषी किसी भी जाति, धर्म, समप्रदाय के हों, बड़े से बड़ा नेता हो, उनके खिलाफ तुरंत सख्त कार्रवाई होनी चाहिये । बसपा का यह कहना और सलाह भी है। मायावती ने कहा कि आजमगढ़ में दलित बेटी के हुये उत्पीड़न के मामले में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कार्रवाई की, यह अच्छी बात है। उन्होंने इसे देर आये दुरुस्त आये कहा । बहन बेटियों के मामले में तुरंत और समय से कार्रवाई हो तो बेहतर होगा।

# महिला अस्पताल में होमगार्ड की गुण्डई

लखीमपुर–खीरी। जिला महिला चिकित्सालय में एक होमगार्ड ने पर्चा बनवाने की लाइन में लगी महिलाओं पर डण्डे बरसा दिए जब एक महिला के पति ने इसका विरोध किया तो उसके पति को भी पीटते हुए लॉकडाउन का पाठ पढ़ाया। आपको बताते चलें कि यह वही चर्चित होमगार्ड है जिसने एक सिपाही झूठा मुकदमा बीते वर्ष दर्ज करवाया था। जानकारी के अनुसार शुक्रवार प्रातः महिला अस्पताल में पर्चा बनवाने के लिए महिलायें लाइन में लगी थी। महिला होमगार्ड आगे लगी महिलाओं को पीछे कर रही थी जब एक महिला ने इसका विरोध किया तो चर्चित होमगार्ड खुशीराम ने महिला को डण्डों से पीटने लगा। तब साथ में आए उसके पति ने उसकी इस कारस्तानी का विरोध किया तो उसको भी जमकर मारा पीटा। यह होमगार्ड खुशीराम सीएमएस का मुँह लगा बताया जाता है जिस कारण हर दिन अस्पताल में अपनी अलग ही तरीके की हनक और वर्दी के रोब में रहता है। मामले में सीएमएस को फोन लगाया तो उन्होंने फोन नही उठाया।

# सोशल डिस्टेंसिंग के नियमों की खुलेआम उड़ रही धज्जियां

लखीमपुर खीरी। थाना गोला गोकर्ण नाथ में पेट्रोल पंपों पर लगातार भीड़ उमड़ने से सोशल डिस्टेंसिंग के नियमों की खुलेआम धज्जियां उड़ रही हैं। आप को बताते चले कि गोला गोकर्ण नाथ में जब कोई व्यक्ति पेट्रोल पम्प पर पेट्रोल अपने वाहनों में डलवाने आता है तो येसा प्रतीत होता है कि सरकारी राशन की दुकान पर खड़े है जब कि पेट्रोल पम्प के मालिकों को प्रशासन द्वारा यह कहा जा रहा है कि जब कोई उपभोक्ता पेट्रोल डलवाने आये तो वह अपने मुख पर मास्क न लगाये हो तो उसे पेट्रोल मत देना परन्तु शासन प्रशासन की यह व्यापारी सुनते कब है जब कि आप लोगो को यह जानकारी भली–भांति है कि नोबल कोरोना जैसी महामारी से सरकार लगातार बचाव के उपाय बता रही है परन्तु पेट्रोल पम्प लाइसेंस धारक लगातार सरकार के नियमों की खुलेआम धजिया उड़ाने में लगे हैं न ही सोशल डिस्टेंसिंग का पालन हो रहा है और न ही सरकार के नियमों को मानने के लिए तैयार येसा ही मामला लखीमपुर रोड स्थित रिलायंस पेट्रोल पंप व गोला डाक विभाग में देखने को मिला परंतु गोला पुलिस विभाग द्वारा किसी प्रकार की कार्यवाही नहीं की जा रही जबकि शासन द्वारा निर्गत नियमों का पालन करने हेतु नियमों को बनाया गया कि अगर कोई भी व्यक्ति बगैर मार्क्स के पाया जा रहा है तो उसके ऊपर विधिक कार्यवाही के रूप में सम्मन शुल्क लिया जाये परंतु थाना गोला गोकर्ण नाथ में यह कहीं पर दिखायी नहीं दिया जबकि पेट्रोल पंप लाइसेंस धारकों के पास न ही किसी प्रकार का सैनिटाइजर रखा दिखायी दे रहा और न ही सरकार द्वारा बतायी गयी उपचारिका नजर आ रही इससे यह माना जा सकता है कि गोला पुलिस द्वारा सरकार के नियमों का पालन कराने में असमर्थ है।

# जूनियर अधिवक्ता ने लेखपाल पर आरोप लगाते हुए शिकायत की

लखीमपुर खीरी। जूनियर अधिवक्ता ने लेखपाल पर गम्भीर आरोप लगाते हुए न्याय की गुहार लगाई। मिली जानकारी के अनुसार तहसील मितौली के बबोना ग्राम पंचायत के लेखपाल राम गोविंद राना पर अधिवक्ता ने गम्भीर आरोप लगाए हैं। मितौली तहसील के जूनियर वकील रमाकांत ने राना की पहते में शिकायत कर अभद्र व्यवहार, भ्रष्ट कार्यशैली, गालीगलौज, व जाती सूचक शब्दो के प्रयोग के साथ धमकी के आरोप लगाए है। जिसकी जांच मितौली थाने पहुंची है।

# बोरिंग कर रहे दो मजदूरों की करंट लगने से मौके पर मौत, दो घरों के बुझे चिराग , आपस में थे चचेरे भाई

बनवारी लाल कुशवाहा

शिकोहावाद। नगर के रेलवे स्टेशन रोड पर बोरिंग करते समय करंट की चपेट में आने से दो मजदूरों



की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना मिलते ही अधिकारियों ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए फिरोजाबाद भेज दिया । रेलवे स्टेशन रोड पर स्थित सुभाष पार्क के समीप वीरेश पुत्र राधेश्याम के यहां वाहनों की धुलाई के लिए सर्विस सेंटर खोला जा रहा है, जिसके लिए नलकूप बोरिंग का काम चल रहा था। बताया गया है कि यह ठेका अनिल ट्रेडर्स ने लिया था। जिस पर गुरुवार से मशीन द्वारा काम शुरू कर दिया गया था। आज शुक्रवार की दोपहर तीन बजे के करीब रामपाल और सीटू कार्य कर रहे थे। काम के दौरान लोहे का पाइप ऊपर से गुजर रही केबिल में कट लगा होने से पाइप के उसमे टच होते ही करंट आ गया। जिससे पाइप पकडे रामपाल सिंह उर्फ भोले (२२) पुत्र छोटेलाल और सीटू (१८) पुत्र नरेश निवासी गांव कांधऊं, थाना नगला खंगर की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। घटना के दौरान पाइप एक की गर्दन पर गिर गया तथा दूसरा पाइप दूसरे की छाती पर पड़ा हुआ था । आस पास के लोगों ने जब देखा, तो दौड़ते हुए घटनास्थल की ओर दौड़ पड़े। सूचना पुलिस को कर दी गई। सूचना मिलते ही उप जिलाधिकारी नरेंद्र सिंह , थाना प्रभारी अनिल कुमार तोमर मय पुलिस फोर्स के मौके पर पहुंच गए। पुलिस ने दोनों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल फिरोजाबाद भेज दिया गया। साथ ही अधिकारियों ने परिजनों को सूचना कर दी। सूचना मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया और रोते बिलखते हुए परिवारीजन फिरोजाबाद के लिए रवाना हो गए।

## मृतक के परिवार को दी जायेगी आर्थिक सहायता

एसडीएम नरेंद्र सिंह ने घटना पर दुख जताते हुए मृतक के परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की। उन्होंने बताया कि मृतक मजदूरों के परिवारों को सरकार से आर्थिकसहायता दिलाई जाएगी। इसके अलावा जो भी मदद होगी, प्रशासन मृतक परिवारों की हरसंभव सहायता करेगा।

## एक वर्ष पूर्व हुई थी भोले की शादी

रामपाल उर्फ भोले और सीटू आपस में चचेरे भाई थे। रामपाल यादव उर्फ भोले की शादी एक वर्ष पूर्व बबीता के साथ हुई थी । उसकी पत्नी इस समय गर्भवती है। मां श्रीदेवी और पिता छोटेलाल और पत्नी बबीता का रो – रोकर बुरा हाल है। वही भोले दो भाइयों में छोटा था । उसका बडा भाई प्रेमपाल था। वही सीटू दो भाइयों में छोटा था उसका बडा भाई बंटी था। जैसे ही परिजनों को सूचना मिली तो दोनों परिवारों में कोहराम मच गया।

## पत्नी का हत्या में फरार चल रहा हत्यारोपी गिरफ्तार

बनवारी लाल कुशवाहा

फिरोजाबाद। थाना उत्तर पुलिस ने आठ माह पूर्व पत्नी की हत्या कर फरार हुये ईनामियां हत्यारोपी को गिरफ्तार किया है। थाना उत्तर प्रभारी नीरज मिश्रा पुलिस टीम के साथ क्षेत्र में गस्त पर थे तभी उन्होंने मुखविर की सूचना पर पत्नी की हत्या के मामले में फरार चल रहे सनी यादव उर्फ अहमद हुसैन पुत्र खालिस अंसारी निवासी पड़रीमल देवरिया मीर थाना कोतवाली जनपद देवरिया को झील की पुलिया के पास से गिरफ्तार किया है। थाना प्रभारी नीरज मिश्रा के अनुसार पकड़े गये हत्यारोपी सनी यादव उर्फ अहमद हुसैन ने ४ अक्टूबर २०१६ को अपनी पत्नी मीना यादव की गला दबाकर हत्या कर दी थी और मौके से फरार हो गया था। तभी से पुलिस उसकी तलाश कर रही थी। उन्होंने बाया कि पकड़े गये हत्यारोपी पर १५ हजार का ईनाम भी घोषित था।

## राज्यपाल लालजी टंडन मेदांता अस्पताल में भर्ती

लखनऊ। मध्य प्रदेश के राज्यपाल लालजी टंडन को बिमारी के चलते मेदांता अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनकी तबीयत अब स्थिर है। इसकी जानकारी डॉक्टरों ने दी। टंडन को शनिवार को यूरेनरी ट्रैक्ट इंफेक्शन (यूटीआई) और बुखार सम्बन्धित समस्या की शिकायत थी, जिसके बाद उन्हें अस्पताल ले जाया गया। कोरोना वायरस जांच रिपोर्ट में उन्हें निगेटिव पाया गया है। मेदांता के प्रमुख प्रो राकेश कपूर ने कहा कि टंडन की हालत स्थिर है, उन्हें रविवार को ही छुट्टी दी जा सकती है।

## सूचना

**बेसिक विद्यालय औरंगाबाद नगर क्षेत्र, जोन-एक लखनऊ।**

निवेदन है कि सर्व शिक्षा अभियान के अन्तर्गत वर्ष **2020-21** शैक्षिक सत्र में निःशुल्क यूनीफार्म वितरण हेतु बेसिक विद्यालय औरंगाबाद नगर क्षेत्र, जोन–एक अल्पकालिक निविदा/टेण्डर आपूर्तिकर्ताओं/फर्म से निम्न विवरण के अनुसार अध्ययनरत कक्षा **1** से **8** तक के छात्र/छात्राओं की यूनिफार्म आपूर्ति हेतु टेण्डर अलग–अलग बन्द लिफाफे में दिनांक– **15-06-2020** से आमन्त्रित की जाती हैं।

जो दिनांक– **19-06-2020** को समय प्रातः **10** बजे विद्यालय प्रबन्ध समिति के समक्ष खोले जायेंगे तथा समिति द्वारा यूनीफार्म की गुणवत्ता के अनुसार निर्णय लिया जायेगा।

नोट– निर्धारित तिथि व निर्धारित समय के बाद प्राप्त होने वाली निविदाओं पर कोई विचार नहीं किया जाएगा।

प्रधानाध्यापक
बेसिक विद्यालय औरंगाबाद
नगर क्षेत्र जोन .1, लखनऊ।

# एबीएसए के मुँह लगे कम्प्यूटर आपरेटर तथा अनुदेशक शिक्षकों से वसूल रहे पैसा

फूलबेहड़–खीरी। बेसिक शिक्षा विभाग पिछले काफी अर्से से भ्रष्ट तथा फर्जी शिक्षकों को बचाने में माहिर व चर्चा का बिषय बना हुआ है। छात्र–छात्राओं के यूनीफार्म में खण्ड शिक्षा अधिकारी फूलबेहड़ के कम्प्यूटर आपरेटर खुले आम ५० रुपये प्रति यूनीफार्म पर लेकर अपने खण्ड शिक्षा अधिकारी को दे रहे हैं। भ्रष्टाचार का आलम यह है कि कोई थोड़ा ठीक कार्य करना चाहे तो वह चाह कर भी नहीं कर सकता है। मिली जानकारी के अनुसार अभी हाल में समविलियान उच्च प्राथमिक विद्यालय सफियापुर के प्रधानध्यापक को खण्ड शिक्षा अधिकारी संजय राय ने बुलाया और कहा कि आपको यूनीफार्म की जाँच करानी है मेरे कम्प्यूटर आपरेटर कमरूल हसन से मिल लें तब प्रधानाध्यापक कमरूल हसन से मिले और बताया कि मुझे खण्ड शिक्षा अधिकारी संजय राय ने आपके पास भेजा है। तब कमरूल हसन ने छात्रों की संख्या पूंछी और प्रति यूनीफार्म से ५० रूपये लेकर यूनीफार्म पर रिपोर्ट लगवा दी। बताते हैं कि वहां के प्रधान अध्यापक ने मानक के अनुरूप यूनीफार्म बनवाकर बंटवायी थी फिर भी उनको ५० रूपये प्रति यूनीफार्म देना पड़ा। एक तरफ सरकार दुहाई देती है कि जीरों टारलेन्स पर हमारे अधिकारी कार्य कर रहे है परन्तु मन मस्तिष्क से ही भ्रष्टाचार के दलदल में डूबे अधिकारियों को चाहे कितने भी सरकार निर्देश दें लेकिन शिक्षा विभाग के अफसर सुधरने का नाम नही ले रहे है तथा एक अनुदेशक गुरूबोध को अपने कार्यालय में खण्ड शिक्षा अधिकारी बैठायें रहते है जोकि हर काम का पैसा अलग–अलग रेटों में शिक्षकों से डील करता है। यह अनुदेशक महोदय खण्ड शिक्षा अधिकारी संजय राय के आने के साथ ही इनसे चिपका हुए है साथ ही तभी से अपने विद्यालय में नहीं गये है। इतना ही नहीं अभी हाल में चार महिला शिक्षकों से रजिस्टर ठीक करने के नाम पर पैसे लिए थे तथा मानव सम्पदा फीडिंग के नाम पर जमकर वसूली हो रही है। ब्लॉक फूलबेहड़ के शिक्षक नेता भ्रष्ट अधिकारी के खिलाफ अपनी आवाज इसलिए नहीं बुलनद करते हैं क्योंकि खण्ड शिक्षा अधिकारी महोदय शिक्षक नेताओं से उनके निजी काम का पैसा नहीं लेते है अर्थात अपने अपने स्वार्थो को लेकर दोनों एक दूसरे के पूरक बने हुए हैं। उल्टे बाकी शिक्षकों से पैसा दिलवाते रहते है। अर्थात् दोनों की बल्ले बल्ले।

# ऊर्जा मंत्रालय ने दी फिक्स्ड चार्ज में छूट

लखनऊ। ऊर्जा मंत्रालय से संबंधित उत्पादन इकाइयों एनटीपीसी, एनएचपीसी तथा पीजीसीआईएल सहित अन्य ने फिक्स्ड चार्ज में बड़ी छूट दी है। इस छूट का लाभ उपभोक्ताओं तक पहुंचाने का निर्णय केंद्र सरकार द्वारा लिया गया है। वहीं छूट से प्रदेश के खाते में ३४३ करोड़ रुपये आएगा। उम्मीद जताई रही है कि पवर कार्पोरेशन की ओर से यह छूट का लाभ उपभोक्ताओं को दिया जाएगा। इस बात की जानकारी देते हुए उ.प्र. राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष अवधेश कुमार वर्मा ने बताया कि भारत सरकार के ऊर्जा मंत्रालय ने इस रिबेट से संबंधित पत्र बिजली विभाग को भेजा है। अकेले एनटीपीसी ने ही अपने इस चार्ज में १३६३ करोड़ रुपये की छूट दी है। उत्पादन इकाइयों से प्रदेश के हिस्से में करीब ३४३ करोड़ आएगा। राज्य के हिस्से में एनटीपीसी से १४८.८० करोड़, एनएचपीसी से ३४ करोड़, पीजीसीआईएल से १३४.२६ करोड़, टीएचडीसी से १५.८४ करोड़ तथा एसजीवीएचएल से १०.३० करोड़ रुपये उत्तर प्रदेश पावर कारपोरेशन लि. को मिलेगा। अवधेश वर्मा ने मांग की है कि लाकडाउन पीरियड में जिन कारोबारियों के दुकान व उद्योग बंद थे, उनके साथ ही घरेलू उपभोक्ताओं और किसानों को बिजली दर में स्पेशल छूट दी जाए। उन्होंने बताया है कि ऊर्जा मंत्रालय के निर्णय के मुताबिक इस छूट का लाभ उपभोक्ताओं तक पहुंचाया जाना है। छूट का लाभ दिए जाने पर प्रदेश के बिजली उपभोक्ताओं को उनके बिजली दरों में छूट मिल सकती है। परिषद की मांग है कि राज्य की बिजली कंपनियां सबसे पहले इस छूट का लाभ उन दुकानदारों व उद्यमियों को दें जिनके प्रतिष्ठान व उद्योग लाकडाउन के पीरियड में बंद थे। घरेलू उपभोक्ताओं व किसानों को भी इससे लाभान्वित किया जाए, यह दोनों वर्ग भी लाकडाउन के कारण लगातार परेशान है।

# शिकोहाबाद रेलवे स्टेशन के पास मालगाड़ी के तीन डिब्बे पटरी से उतरे, यातायात प्रभावित

**बनवारी लाल कुशवाहा**

शिकोहाबाद। शिकोहाबाद जंक्शन से टुण्डला जा रही डीएमटी मालगाडी के तीन डिब्बे पटरी उतर गए। जिससे दिल्ली



से लखनऊ जा रही गोमती एक्सप्रेस सहित कई गाडिया प्रभावित हूई। सूचना मिलते ही रेलवे प्रशासन और एसडीएम मौके पर पहुच गए। शनिवार शाम साढे चार बजे के करीब शिकोहाबाद जक्सन से टुण्डला जा रही डीएमटी मालगाडी के तीन डिब्बे नीम खेरिया गांव के पटरी से उतरकर डाउन लाईन कि तरफ आ गये। जिससे दिल्ली से लखनऊ जा रही गोमती एक्सप्रेस मालगाडी से कुछ ही दूरी पर रूक गई। हादसे होते ही आसपास के ग्रामीणो कि भीड लग गई। घटना कि सूचना मालगाडी के चालक ने स्टेशन मास्टर सुरेश चन्द्र मीणा को दी रेलवे विभाग मे हादसे की सूचना हडकंप मच गया। आनन फानन मे रेलवे के अधिकारी मौके पर पहुच गये। हालांकि इस हादसे में किसी के हताहत होने की कोई खबर नहीं है। दिल्ली से कानपुर और लखनऊ से दिल्ली जाने वाले रूट पूरी तरह बंद हो गये ट्रेनो को जहा था वही राक दिया गया रेलवे की कई टीमें ट्रैक से मालगाड़ी को हटाने के काम में जुटी हैं। इस कारण गोमती एक्सप्रेस के रेलयात्री परेशान हैं। जबकि रेल प्रशासन में हड़कंप मचा हुआ है। मालगाड़ी के डिब्बे पटरी से क्यों उतरे इस बात का पता अभी नहीं चल पाया है। फिलहाल मालगाडी के आगे के डिब्बो को इंजन द्वारा हटा दिया गया है। तो वही डाउन पर फसे डिब्बो को हटाने का कार्य चल रहा था। रेलवे स्टेशन मास्टर सुरेश कुमार मीणा का कहना है कि अभी इस काम में तीन से चार घण्टे का वक्त लग सकता है। खबर के मुताबिक उन्होंने कहा कि तीन डिब्बे डिरेल हुए हैं। हमारी पहली प्राथमिकता रेलवे ट्रैक को शुरु करने की है। फिलहाल सभी गाड़ियां अलग–अलग स्टेशनों पर खड़ी हैं।

## चालक की सूझबूझ से हादसा टला

डीएमटी मालगाड़ी के चालक के सूझबूझ के कारण एक बड़ा हादसा टल गया। जानकारी के अनुसार डीएमटी मालगाड़ी सुबह से शिकोहाबाद रेलवे स्टेशन पर खड़ी थी। चालक ने शाम को साढे चार बजे के करीब टूंडला के लिए लेकर चला तभी कुछ दूरी पर जाकर तीन डिब्बे पटरी से उतर गए। चालक ने तत्काल सूचना स्टेशन मास्टर को दे दी। स्टेशन मास्टर ने तुरंत सूचना गोमती एक्सप्रेस के चालक को दी। तभी गोमती एक्सप्रेस के चालक ने गाड़ी को मात्र ५००मीटर की दूरी पर रोक लिया। जिससे बड़ा हादसा होने से टल गया।

## बीजेपी महिला मोर्चा ने बांटे सेनेटाइजर , मास्क

**बनवारी लाल कुशवाहा**

शिकोहाबाद। भारतीय जनता पार्टी द्वारा कोरोना महामारी के दौरान आम लोगों को महामारी के संक्रमण से बचाने के लिए पार्टी की महिला मोर्चा द्वारा आम लोगों को संक्रमण से बचाने के लिए मास्क एवं हैंड सैनिटाइजर का वितरण किया




गया। इसके साथ ही पार्टी के पत्रक भी लोगों को दिए गए , जिसमें सरकार के तीन साल के कार्यकाल के दौरान चलाई गई योजनाओं के बारे में विस्तार से बताया गया है । यह पत्रक भाजपा द्वारा आम लोगों तक पहुंचाने का लक्ष्य रखा गया है । जिससे लोगों को सरकार द्वारा किए गए कार्यों से अवगत कराया जा सके। इस अवसर पर भाजपा महिला मोर्चा की जिला उपाध्यक्ष मनोरमा गुप्ता, वंदना गुप्ता, ज्योत्सना जैन, माधुरी भारद्वाज, संगीता गुप्ता, सीमा अग्रवाल आदि थीं ।

# अद्भुत सांप : जो करता है शिव पूजा

**अमरेन्द्र सहाय अमर**

मनुष्य द्वारा देवी–देवताओं की आराधना करना एक आम प्रचलन है. हर सम्प्रदाय के लोग आपने अपने आराध्य की पूजा आराधना करते हैं.लेकिन अगर यही गुण किसी पशु या अन्य जीव में दिखाई दे तो इसे किसी आश्चर्य से कम नहीं समझा जाता. पौराणिक मान्यताओं के अनुसार भगवान शिव को नाग बहुत प्रिय हैं. शिव के बारे में कहा जाता है कि भगवान शिव श्मशान में निवास करते हैं. शरीर पर भस्म लगाते हैं. गले में नाग को धारण करते हैं. महादेव के इस स्वरूप में कहीं न कहीं गहरे रहस्य भी छिपे हैं. भगवान शिव के गले में लिपटा नाग इस बात का संकेत है कि भले ही कोई जीव कितना भी जहरीला क्यों न हो, पर्यावरण संतुलन में उसका भी महत्वपूर्ण योगदान है. भगवान् शिव अपने गले में हार के स्थान पर नाग को ही धारण करते हैं. भारत में भी नागपंचमी के दिन नागों की पूजा की जाती है. भगवान विष्णु शेष नाग की शैया पर शयन करते हैं. क्या भगवान का नागों से विशेष संबंध है ? विज्ञान और अध्यात्म की इस बारे में अलग राय हो सकती है लेकिन कुछ घटनाएं पुनः इस प्रश्न पर चिंतन के लिए विवश कर देती हैं. कहते हैं कि वासुकी नाग शिव के परम भक्त थे. इनकी भक्ति से प्रसन्न होकर शिव जी ने इन्हें नागलोक का राजा बना दिपया और साथ ही अपने गले में आभूषण की भांति लिगपटे रहने का वरदान दियया. उत्तर प्रदेश के आगरा के पास स्थित एक गांव है सलेमाबाद. इस गांव में एक प्राचीन शिव मंदिर है. स्थानीय लोगों का कहना है कि यहां पिछले करीब पन्द्रह वर्षों से एक नाग रोज आकर भगवान शिव को नमन और उनकी पूजा करता है. इस मंदिर में दूर–दूर से श्रद्धालु शिवजी की पूजा करने आते हैं, लेकिन नाग का इस तरह आना जिज्ञासा का विषय बना हुआ है. यह नाग रोज मंदिर में आता है और करीब पांच घंटे तक यहां रुकता है नाग सुबह दस बजे आता है और शाम को तीन बजे वापस लौट जाता है. इस अवधि में यह शिवलिंग के पास ही बैठा रहता है. यहां आसपास के गांवों में भी इस नाग की चर्चा है. इससे श्रद्धालुओं को कोई भय नहीं है और न इसने कभी किसी को नुकसान पहुंचाया. न ही किसी श्रद्धालु ने इस नाग को कभी नुक्सान पंहुचाया. हालांकि नाग के मंदिर में प्रवेश करने के बाद मंदिर के द्वार बंद कर दिए जाते हैं. इस दौरान कोई और व्यक्ति मंदिर में प्रवेश नहीं करता. तीन बजने के बाद नाग अपने आप वहां से चला जाता है. उसके बाद ही लोग मंदिर में भगवान भोलेनाथ के दर्शन करने जाते हैं. किसी सर्प का इतनी लंबी अवधि से रोज मंदिर में आकर शिवलिंग के पास रुकने को यहां के लोग आश्चर्य से ज्यादा श्रद्धा का विषय मानते हैं।






# कामगारों और श्रमिकों के श्रम से होगा राज्य का नव निर्माण : योगी

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मानव संसाधन को उद्योग जगत की रीढ़ बताते हुए कहा कि बाहर से आये प्रवासी कामगारों और श्रमिकों के श्रम से अब राज्य का नव–निर्माण होगा। योगी ने आज यहां अपने सरकारी आवास पर एक उच्चस्तरीय बैठक में अनलॉक व्यवस्था की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि मानव संसाधान उद्योग जगत की रीढ़ है। यही रीढ़ अब बड़ी संख्या में श्रमिक के रूप में राज्य में उपलब्ध है। श्रमिकों ने अपने पसीने से समाज व राष्ट्र का निर्माण किया है। राज्य में आये कामगारों और श्रमिकों के श्रम से अब उत्तर प्रदेश



का नव–निर्माण होगा। उन्होंने कहा कि औद्योगिक विकास विभाग तथा एमएसएमई विभाग को कामगारों तथा श्रमिकों को रोजगार देने के में सभी सम्भावनाओं की तलाश करे। औद्योगिक इकाइयों तथा सेवा प्रदाता संगठनों को मैन पावर आपूर्ति के सम्बन्ध में एक एप विकसित किया जाए। योगी ने कहा कि श्रमिकों की सामाजिक एवं आर्थिक सुरक्षा की दिशा में भी कार्य किया जाए। यह सुनिश्चित किया जाए कि इन्हें बीमा कवर अवश्य उपलब्ध हो। उन्होंने कहा कि केन्द्र व राज्य सरकार की विकास योजनाओं को तेजी से संचालित करते हुए श्रमिकों को रोजगार के अधिक से अधिक अवसर उपलब्ध कराये जाए।

# कस्तूरबा विद्यालयों में नियुक्ति से पहले तय हो जाता था आधा वेतन


लखनऊ। बेसिक शिक्षा परिषद की ओर से संचालित कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालयों में फर्जी शिक्षकों की नियुक्ति में एक से बढ़कर एक खेल सामने आने शुरू हो चुके हैं। किसी भी शिक्षक की नियुक्ति कराने से पहले दलाल हमेशा के लिए आधे–आधे वेतन का सौदा कर लेता था। शिक्षक के खाते में जैसे ही वेतन जाता उसका आधा हिस्सा दलाल रख लेता है। ये खुलासा शनिवार को अंबेडकर नगर में अनामिका शुक्ला के नाम पर विज्ञान पढ़ा रही शिक्षिका अनीता से पूछताछ में हुआ है। उसने बताया कि उसका वेतन जरूर २२ हजार रुपये था लेकिन उसे सिर्फ मिलते ११ हजार रुपये ही थे। अनीता ने पूछताछ में बताया कि पुष्पेन्द्र उर्फ राज उर्फ नीटू ही फर्जीवाड़े का असली मास्टर माइंड है। उसने यह भी कहा राज उसे तभी कॉल करता था जब उसके खाते में वेतन आ जाता था उसके बाद फिर वह जल्दी बात नहीं करता था। जब भी वह आधे वेतन के लिए बात करता था तो अनीता को ये जरूर समझाता था कि साथी शिक्षकों से अपनी नियुक्ति के बारे में ज्यादा कुछ मत बताना। वहीं एसपी कासगंज ने बताया कि आरोपी पुष्पेन्द्र सिंह की गिरफ्तारी के लिए सात जगहों पर छापेमारी की गयी है लेकिन वह हाथ नहीं कुछ जानकारियां मिली हैं, उसके आधार पर भी तलाश जारी है। बता दें कि मैनपुरी से कासगंज पुलिस ने गुरुवार को जसवंत उर्फ विभव को गिरफ्तार किया था। उसे १४ दिन की न्यायिक हिरासत में जेल भेजा जा चुका है। वो कन्नौज के एक प्राइमरी स्कूल में हेडमास्टर के पद पर तैनात था। पूछताछ में उसने कबूला कि उसने बीए द्वितीय वर्ष तक ही पढ़ाई की है। इसके बाद छोटे भाई पुष्पेंद्र के साथ मिलकर फर्जीवाड़ा किया और विभव के नाम से कन्नौज के स्कूल में तैनाती ले ली। जिसको अभी तक पुलिस नहीं पकड़ सकी है। पुलिस अब कथित शिक्षिका अनामिका शुक्ला के मोबाइल की कॉल डिटेल रिपोर्ट (सीडीआर) निकलवा रही है। साथ ही यह भी पता लगा रही है कि उसने मोबाइल सिम लेते वक्त किसके नाम का आधार कार्ड अथवा दूसरा कागजात कंपनी को दिया था। पुलिस का दावा है कि अगर मोबाइल सिम के दस्तावेज और शिक्षिका के लिए दिए गए आवेदन पत्र में अंतर मिलता है जांच को नई दिशा मिल जाएगी। पुलिस उसी नंबर के बारे में छानबीन कर रही है, जो उसने स्कूल में लिखवाया था। सीडीआर मिलने के बाद पुलिस उन लोगों के बारे में पता लगाएगी, जिनसे वह बातचीत करती थी। इस बारे में इंस्पेक्टर कर्नलगंज अरुण त्यागी का कहना है कि शिक्षिका अनामिका शुक्ला के मोबाइल की सीडीआर निकलवाई जा रही है।

## अभिषेक की वेब सीरीज 'ब्रीद : इन द शैडोज १० जुलाई को रिलीज होगी

मुंबई। अमेजन प्राइम वीडियो ने घोषणा की कि अमेजन ऑरिजिनल श्रृंखला 'ब्रीद' का बहुप्रतीक्षित नया सीजन १० जुलाई, २०२० को रिलीज किया जाएगा। इस सीरीज के साथ बॉलीवुड अभिनेता अभिषेक बच्चन अपना डिजिटल डेब्यू करने के लिए तैयार हैं। वहीं, अभिनेता अमित साध एक बार फिर अपनी पुरस्कार विजेता भूमिका सीनियर इंस्पेक्टर कबीर सावंत को दोहराते हुए नजर आएंगे। साइकोलजिकल क्राइम थ्रिलर 'ब्रीद : इन द शैडोज' अबुंदंतिया एंटरटेनमेंट द्वारा रचित और निर्मित है। इस मूल श्रृंखला में दक्षिण भारत के प्रमुख कलाकारों में से एक नित्या मेनन भी अपना डिजिटल डेब्यू कर रही हैं। सैयामी खेर भी एक प्रमुख किरदार के साथ कलाकारों की इस टोली में शामिल हो गई हैं। यह बहुप्रतीक्षित अमेजन ओरिजिनल सीरीज दुनिया भर के २०० से अधिक देशों और क्षेत्रों में विशेष रूप से अमेजन प्राइम वीडियो पर लन्च होगी। अमेजन प्राइम वीडियो से इंडिया ओरिजनल्स की प्रमुख अपर्णा पुरोहित कहती है, अभिषेक बच्चन, अमित साध, नित्या मेनन और सैयामी खेर सहित अन्य कलाकारों के साथ हम नया शो 'ब्रीदरू द शैडोज' को पेश करने के लिए बेहद उत्साहित हैं। हमें पूरा विश्वास है कि संपूर्ण भारत सहित दुनियाभर में हमारे दर्शकों को यह सीरीज पसंद आएगी। अबुंदंतिया एंटरटेनमेंट के संस्थापक और मुख्य कार्यकारी अधिकारी विक्रम मल्होत्रा ने साझा किया, अबुंदंतिया एंटरटेनमेंट हमेशा विभिन्न शैली में आकर्षक और प्रभावशाली कंटेंट बनाने में सबसे आगे रहा है। हम अमेजन प्राइम वीडियो के साथ एक बार फिर एक सफल अमेजन ओरिजिनल सीरीज 'ब्रीद' के नए सीजन के साथ सहयोग करने के लिए उत्साहित हैं। मैं अमित, नित्या और सैयामी के साथ अभिषेक के आ जाने से बेहद खुश हूं और मयंक द्वारा एक मनोरंजक कहानी, एक ताजा और उन्नत स्टोरी लाइन के साथ हमें विश्वास है कि यह शो पूरी दुनिया में प्रशंसकों द्वारा पसंद किया जाएगा।

## सहायक शिक्षक भर्ती मामले में यूपी सरकार ने दाखिल की पुनर्विचार याचिका

लखनऊ। उत्तर प्रदेश सरकार ने राज्य में ३७ हजार ३३६ पदों पर सहायक शिक्षक भर्ती पर रोक के आदेश पर फिर से विचार करने के लिए शीर्ष अदालत में पुनर्विचार याचिका दाखिल की है। राज्य सरकार ने अपनी याचिका में कहा है कि उच्चतम न्यायालय ६६ हजार सहायक शिक्षक के पदों में से ३७ हजार ३३६ पदों पर भर्ती पर लगायी गयी रोक के अपने आदेश पर फिर से विचार करे। गौरतलब है कि गत नौ जून को न्यायमूर्ति एम एम शांतनगौदर की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने वकील आर के सिंह की याचिका पर अंतरिम आदेश जारी करके राज्य सरकार को ६६ हजार में से ३७ हजार ३३६ पदों पर नियुक्ति को फिलहाल रोकने का निर्देश दिया। इन पदों पर न्यायालय



के अगले आदेश तक नियुक्ति पर रोक रहेगी। न्यायालय ने मामले की सुनवाई के लिए १४ जुलाई की तारीख मुकर्रर की है।

## शाहरुख संग काम करना मेरी पंसदीदा चीजों में से एक : रानी मुखर्जी

मुंबई। शाहरुख खान और रानी मुखर्जी अभिनीत फिल्म 'चलते चलते' आज ही के दिन यानि कि १३ जून को सत्रह साल पहले रिलीज हुई थी। इस मौके पर रानी ने शूटिंग के दौरान बिताए गए लम्हों को याद किया। रानी ने बताया, शाहरुख खान के साथ



काम करना मेरी पसंदीदा चीजों में से एक रहा है। यह फिल्म शाहरुख के प्रोड्क्शन में बनी है और यह पहली बार था जब मैं ग्रीस गई थी –मायकोनोस और एथेंस– उस दौर की यादें बेहद मजेदार रहीं। वहां नीले और सफेद रंग घरों का दृश्य कुछ ऐसा था, जिसे मैंने पहले कभी नहीं देखा था। वहां रहना और शूटिंग करना शानदार रहा। एथेंस में भी कमाल की वास्तुकला है। वहां की संस्कृति, पुरानी इमारतें ऐसी कई सारी चीजें हैं, जो इतिहास को बयां करता है। 'चलते चलते' के दौरान आउटडोर का अनुभव बेहद खास रहा। अजीज मिर्जा द्वारा निर्देशित यह फिल्म साल २०१३ में आई थी।

हमारे अन्य प्रतिनिधि
संजय बाजपेई
सीतापुर
मो.9935160370
प्रियंका त्रिपाठी
नई दिल्ली
विधिक सलाहकार
सुरेश नारायण मिश्र
क्षेत्रीय सम्पादक
सौरभ कुमार, बिहार
मो.09386075289
मो० अरशद
ब्यूरो चीफ
मऊ

स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक व सम्पादक आरती पाण्डेय द्वारा सांई आफसेट प्रिन्टर्स, 40 वासुदेव भवन भातखण्डे संगीत महाविद्यालय के पीछे, कैसरबाग लखनऊ से छपवाकर एमआईजी 2/379 रश्मिखंड शारदानगर आशियाना लखनऊ उ0प्र0 से प्रकाशित।
आर.एन.आई
UPHIN/2010/32566

सम्पादक
आरती पाण्डेय
मो.9415087228
9889745884. 9807059191. 9026560178

Email-
adbhutsamachar@yahoo.in
adbhut_samachar@rediffmail.com
सभी विवादों का न्यायक्षेत्र लखनऊ होगा।

समाचार पत्र में छपी समस्त प्रकार की खबरों एवं लेखों का स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक व सम्पादक आरती पाण्डेय से किसी भी प्रकार का कोई लेना देना नहीं है। समाचार पत्र में छपी खबर एवं लेख पत्रकारों के अपने निजी विचार हैं। समाचार पत्र से जुड़े समस्त पत्रकारों के पद अवैतनिक हैं। और वह सब स्वतंत्र पत्रकार हैं। प्रकाशक/सम्पादक